यूसीसी का ड्राफ्ट तैयार, जल्द होगा लागू

चर्चा में क्यों?

22 अगस्त, 2023 को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मीडिया से बातचीत में बताया कि प्रदेश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने के लिये गठित समिति का ड्राफ्ट तैयार हो चुका है। सरकार को मिलने के बाद इसे विधानसभा सत्र में पेश किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- विधानसभा में स्वीकृति मिलने के बाद उत्तराखंड, देश का पहला समान नागरिक संहिता लागू करने वाला राज्य बन जाएगा।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि समान नागरिक संहिता में समुदाय विशेष को कोई नुकसान नहीं होगा।
- विदित है कि रिटायर्ड जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में गठित ड्राफ्ट कमेटी प्रदेश में हर वर्ग, हर समुदाय, हर जाति के प्रमुख हितधारकों से वार्ता कर ड्राफ्ट तैयार कर चुकी है। समिति ने डेढ़ साल में दो लाख से भी ज़्यादा लोगों के सुझाव, विचार लिये हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/draft-of-ucc-ready,-will-be-implemented-soon